>

Title: Need to give special package for the drought affected farmers in Singhbhum, Jharkhand.

श्रीमती गीता कोडा (सिंहभूम): अध्यक्ष जी, मैं अपने संसदीय क्षेत्र का अति गंभीर मामला उठाना चाहती हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र में इस वर्ष सामान्य से 45 प्रतिशत कम वर्षा हुई है । 2,66,500 किसान पंजीकृत होने थे, लेकिन अब तक मात्र चार से पांच हजार किसानों ने ही अपने को पंजीकृत किया है । ऐसे में यह लक्ष्य कैसे प्राप्त होगा? मेरा जिला सुखाढ़ की चपेट में आ गया है । पिछले दस वर्षों की तुलना में इस वर्ष सबसे कम वर्षा हुई है । मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित कराना चाहूंगी कि इसे विशेष सुखाढ़ पैकेज दिया जाए ताकि वहां के किसानों को राहत मिले । पिछले वर्ष भी केंद्र सरकार ने वहां पदाधिकारियों को भेजा था, जो रात के अंधेरे में खेतों को टार्च की रोशनी से देख रहे थे । ऐसे इस बार नहीं होना चाहिए । वहां के किसानों को न्याय मिले, मैं यही आपके माध्यम से सदन को अवगत कराना चाहती हूं ।